भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1137

उत्तर देने की तारीख 13 दिसम्बर , 2022
22 अग्रहायण, 1944 (शक)

खिलाड़ियों के लिए कल्याण योजनाएं

1137. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कल्याण के लिए कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

(ख) जनजातीय क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जनजातीय क्षेत्रों में परम्परागत खेलों को जनजातीय खेलों के रूप में बढ़ावा देने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(घ) मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कल्याण के लिए कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण जनजातीय बच्चों को पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में खेलों के संवर्धन और विकास की जिम्मेदारी राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मध्य प्रदेश के क्षेत्रों सहित देश में खेलों के विकास के लिए निम्नलिखित स्कीमें लागू करता है: (i) खेलो इंडिया स्कीम (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष (vii) राष्ट्रीय खेल विकास कोष और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपर्युक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के विभिन्न घटकों में से एक ''ग्रामीण एवं देशज/ जनजातीय खेलों को बढ़ावा देना'', विशेष रूप से देश के जनजातीय क्षेत्रों में पारंपरिक जनजातीय खेलों को प्रोत्साहित और प्रदर्शित करता है।

****